<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

रूस के वैज्ञानिकों का विश्वविद्यालय में भ्रमण

विश्वविद्यालय में रूस की सेंन्ट पीटरर्सवर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी आफ वेटनेरी मेडिसीन एवं विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के मध्य हुए शोध करार (एम.ओ.यू.) के अन्तर्गत सेन्ट पीटरर्सवर्ग के वैज्ञानिक एवं वाइस रैक्टर डा. निकीटिन, जियोरजी एवं डा. ल्यूतिक सदस्य अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा ने पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर महाविद्यालय में चल रहे शिक्षा, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों को देखा एवं सभी संबंधित वैज्ञानिकों से वार्ता कर शोध के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। टीम ने डेयरी, कुक्कुट पालन इकाई का भ्रमण किया एवं चल रहे कार्यक्रमों की अत्यन्त सराहना की। समिति ने शोध कार्यो की गुणवत्ता को देखते हुए विभिन्न वैज्ञानिकों के साथ रूस के वैज्ञानिकों के साथ कार्य करने की संभावनायें तलाशी। उन्होंने सूक्ष्म जीव विज्ञान, भ्रूण प्रत्यारोपण, मॉलिकुलर जैनीटिक्स, जुनोटिक बीमारियों, पशुधन प्रबधन एवं प्रसार तकनीकी शिक्षा के आदान–प्रदान पर विशेष जोर दिया। समिति ने कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर से मुलाकात कर भ्रमण की सभी जानकारियां दी एवं सेंन्ट पीटरर्सवर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी आफ वेटनेरी मेडिसिन के साथ चलाये जा सकने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं रूस में विद्यार्थियों को किस प्रकार से पन्तनगर विश्वविद्यालय में प्रवेश दिया जा सकता है उस पर भी वार्ता किया तथा इस वारे में निर्णय लेने की आशा व्यक्त की। उक्त कार्यक्रम का संयोजक डा. एस.सी. त्रिपाठी एवं डा. एच.जे. शिवा प्रसाद ने किया। भ्रमण के समय डा. राजेश मिश्रा, डा. स्तुति वत्स, डा. शिव प्रसाद, डा. आर.के. शर्मा एवं महाविद्यालय के समस्त वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

जानकारी प्राप्त करते रूस के वैज्ञानिक।

निदेशक संचार